टेल्को द्वारा मांगे गये माल डिब्बों की संख्या

722. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव:** क्या **परिवहन** मंत्री 26 फरवरी, 1986 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 263 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1977 से 1980 तक की अवधि के दौरान टैल्को ने किस-किस प्रकार के कितने कितने माल डिब्बों की मांग की और कितने कितने माल डिब्बे सप्लाई किए गए तथा कितनी अवधि के पश्चात् खाली माल डिब्बे वापस भेजे गये; और

(ख) खाली माल डिब्बों के वापस करने के क्या कारण है?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) सूचना नीचे दी गयी है:

वर्ष	मांग		सप्लाई	
	बोगी	साधारण	बोगी	साधारण
1977	255	224	255	224
1978	198	160	198	160
1979	217	161	217	161
1980	205	148	205	148

खाली माल डिब्बे कितनी अवधि के बाद लौटाये गये; इस संबंध में सूचना अब उपलब्ध नहीं है।

(ख) कच्ची सामग्री से लदे हुए प्राप्त होने वाले वे माल डिब्बे, जो लदान के लिये अपेक्षित नहीं होते हैं खाली लौटा दिये जाते हैं।

माल डिब्बों की बिक्री और उनका हटाया जाना

723. श्री हुक्मदेव नारायण यादव : क्या **परिवहन** मंत्री 5 मार्च, 1986 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1022 के दिए गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कम्पनी वार कितने-कितते बेकार माल डिब्बे बेचे गये और कितने-कितने माल डिब्बे समय पर हटा लिये गये; और

(ख) क्या यह सच है कि बेकार माल डिब्बों को हटाने और बेचने में लाखों रुपये के गोलमाल के एक मामले का पता चला था, यदि हां, तो इसमें कितने लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) वर्ष 1983, 1984 और 1985 के दौरान कम्पनी-वार बेचे गये और हटाये गये नाकारा माल डिब्बों की संख्या नीचे दी गयी है:-

कम्पनी का नाम	माल डिब्बों की संख्या	
	बेचे गये	हटाये गये
ईस्टर्न कोल फील्डस लिमिटेड	99	80
सेंट्रल कोल फील्डस लिमिटेड	53	37
भारत कोकिंग कोल लिमिटेड	27	24
वैस्टर्न कोल फील्डस लिमिटेड	कोई नहीं	कोई नहीं

(ख) उपर्युक्त संव्यवहारों में धन के दुरुपयोग का ऐसा कोई मामला नहीं पकड़ा गया है ।